जबलपुर | शनिवार | 20 जून 2026 | वर्ष 77 | अंक 147 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से







# समय से पहले लक्ष्य हुआ पूरा

## अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मेलन में ओंकारेश्वर में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी

राजू पटेल

**ओंकारेश्वर/खंडवा सिकल सेल उन्मूलन अभियान सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन देने की ऐतिहासिक पहल है. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है. 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल से मिशन की शुरुआत की।**




मप्र ने समय-सीमा से पहले स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा कर मिसाल कायम की है. ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर ओंकारेश्वर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में कहीं. राष्ट्रपति मुर्मू ने मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इस मिशन को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे. राष्ट्रपति मुर्मु ने आगे कहा कि देश में नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष तक की आयु वर्ग के करोड़ों लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जो विश्व स्तर पर आनुवांशिक रोगों की जांच की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान विशेष रूप से सराहनीय है.

वहीं राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोग केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के सामाजिक और आर्थिक विकास से जुड़ी गंभीर चुनौती है. उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में अब तक एक करोड़ 32 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है. लगभग 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है. खंडवा जिले के इतिहास में पहली बार तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में 20 घंटे से ज्यादा रुकीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भगवान ओंकारेश्वर महाराज का पावन चित्र और शिवलिंग तथा शंकराचार्य की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया.

> मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिकल सेल उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आवाहन किया . यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य की तपोभूमि और जननायक टंट्या मामा की कर्मस्थली ओंकारेश्वर से लिया गया यह संकल्प भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है. उन्होंने कहा कि सिकल सेल का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता है.

# प्रधानमंत्री मोदी ने बताया राष्ट्र निर्माण का मंत्र

**नई दिल्ली, 19 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का यह दृढ़ विश्वास था कि युवा शक्ति ही राष्ट्र-निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय युवा अपने जोश, ऊर्जा और जुनून के बल पर हर संकल्प को साकार करने की क्षमता रखते हैं।**



प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, तकनीक और सेवा के क्षेत्र में योगदान दें. उन्होंने विश्वास जताया कि भारत का युवा इसी संकल्प के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएगा. पीएम ने कहा कि युवाओं के सपने हमारी पूंजी है.

> **2400 करोड़ रुपये की राशि वितरित की**
>
> पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की और युवाओं को सशक्त बनाने तथा देशभर में रोजगार सृजन को गति देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी.


## रिश्वतखोर नायब तहसीलदार और सहयोगी को 5 वर्ष का कारावास

**पन्ना, 19 जून.** भ्रष्टाचार के खिलाफ पन्ना न्यायालय ने एक बढ़ा और नजीर पेश करने वाला फैसला सुनाया है. अदालत ने गुनौर के तत्कालीन भ्रष्ट नायब तहसीलदार रविशंकर शुक्ला और उनके सह-आरोपी चौकीदार देवीदयाल दहायत को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है. विशेष न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम की अदालत ने दोनों आरोपियों पर कुल मिलाकर भारी जुर्माना भी लगाया है.

# स्मार्टफोन से होगी अपराधियों की रियल-टाइम पहचान

**26 वें अभा फिंगरप्रिंट सम्मेलन का शाह ने किया उद्घाटन**

**1.3 करोड़ फिंगरप्रिंट डेटाबेस का पोर्टेबल वर्जन लॉन्च**



**नई दिल्ली 19 जून केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन का उद्घाटन किया और राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अभिज्ञान सहित तीन एप्लीकेशन का लोकार्पण किया.**

कार्यक्रम में निदेशक खूफिया ब्यूरो , निदेशक एनसीआरबी और निदेशक केन्द्रीय फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।श्री शाह ने बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा , आज एनसीआरबी का अभिज्ञान मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया. 1.3 करोड़ फिंगरप्रिंट के डेटाबेस का यह पोर्टेबल वर्जन ऑन-फील्ड पुलिस कर्मियों को सीधे उनके स्मार्टफोन पर अपराधियों के विशाल डेटाबेस तक पहुँचने की शक्ति देता है. टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन से सुरक्षित यह ऐप चंद सेकंड में रियल-टाइम फिंगरप्रिंट पहचान कर ग्राउंड पुलिसिंग को और सशक्त बना रहा है. फास्टआईडी, पोर्टेबल सेटअप और करोड़ों रिकॉर्ड जैसी खूबियों से युक्त ऐप एक बेहद शक्तिशाली टूल है. श्री शाह ने कहा कि सरकार ने अगस्त 2019 से आपराधिक कानूनों में आमूलचूल परिवर्तन का एक व्यापक अभियान शुरू किया है.